सार-समाचार

समस्याओं को लेकर विधायक से मिले

करौली, (निसं)। जिला मुख्यालय पर अभियांत्रिकी महाविद्यालय संचालन करवाए जाने एवं करौली से संबंधित अन्य समस्याओं के संदर्भ में सामाजिक कार्यकर्ता वेणु गोपाल शर्मा, विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष चैरजी सिंह,करौली नागरिक परिषद के अध्यक्ष ऊधौ सिंह एडवोकेट,नरेंद्र सिंह टटवाई,वीरेंद्र मित्तल तथा प्रदीप सिंह कोटा छाबर के द्वारा विधायक दर्शन सिंह से हिंडौन करौली आगार से विभिन्न स्थानों के लिए संचालित बसों को बंद कर दिए जाने के संदर्भ में भी चर्चा की गई। करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर ने बताया कि राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम के मैनेजिंग डायरेक्टर से बात करने पर बताया कि बस के कन्डेक्टर, ड्राइवर के अभाव में बसों को बंद किया गया है। बसों को पुनः चालू करवाये जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही अभियांत्रिकी महाविद्यालय के भवन निर्माण के लिए, बजट आवंटन के साथ जिला मुख्यालय पर संचालित करवाए जाने हेतु ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। प्रतिनिधी मंडल के नरेंद्र सिंह टटवाई ने बताया कि विधायक दर्शन सिंह द्वारा विधानसभा के अतारांकित प्रश्न से प्राप्त उत्तर के संदर्भ में बताया कि अभियांत्रिकी महाविद्यालय, शैक्षिणक सत्र 2017-18 से आज तक भरतपुर में संचालित है। शिष्ट मंडल द्वारा अभियांत्रिकी महाविद्यालय के लिए भूमि एवं बजट आवंटन पर चर्चा के दौरान विधायक दर्शन सिंह ने बताया कि अभियांत्रिकी महाविद्यालय के भवन निर्माण के लिए माची गांव में 16 बीघा भूमि आवंटित की गई है। पीडब्ल्यूडी के द्वारा भवन निर्माण का तकमीना बना कर राजस्थान सरकार को प्रेषित कर दिया गया है। विधायक ने बताया कि उनके द्वारा कई बार मुख्यमंत्री भजनलाल से तकमीना अनुसार बजट राशि आवंटन की मांग की है विधायक के बताए अनुसार शीघ्र ही तकमीना के अनुसार मांग की गई राशि का आवंटन करबा कर भवन निर्माण कार्य करवाया जाएगा, विधायक से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान में अभियांत्रिकी महाविद्यालय में बहुत कम संख्या में विद्यार्थी अध्यनरत हैं। लेकिन करौली में महाविद्यालय संचालित होने की स्थिति में विद्यार्थियों की संख्या में काफी बढ़ोतरी होगी तथा डांग एवं पिछड़े क्षेत्र के प्रखर बुद्धि वाले बालक जो अभियांत्रिकी की पढ़ाई में रुचि रखते हैं उनको काफी लाभ मिलेगा।

दिव्यागों के लिए सुविधाओं की कमी

भरतपुर, (निसं)। राजकीय आरबीएम अस्पताल में दिव्यागों के लिए सुविधाओं की कमी है। अस्पताल में ओपीडी पर्ची लेने के लिए दिव्यागों को काफी इंतजार करना पड़ता है, जबकि काउंटर पर उनके लिए विशेष सुविधा का बोर्ड लगा हुआ है लेकिन विशेष सुविधा का लाभ दिव्यागों को नहीं मिल रहा है। इसके अलावा अस्पताल में दिव्यागों के लिए व्हील चेयर की भी व्यवस्था नहीं है.जिले के गांव चौकीपुरा निवासी छज्जन सिंह ने बताया कि वह दोनों पैरों से दिव्यांग है.आरबीएम अस्पताल में दिखाने के लिए आया था.जब ओपीडी पर्ची काउंटर पर गया तो वहां कोई सुनने वाला नहीं था.करीब एक घंटे तक काउंटर को खटखटाता रहा लेकिन किसी ने नहीं सुनी.काउंटर पर पर्ची काटने वाले अपने पहचान वालों को दे रहे थे.मुझे देखकर पास में तैनात के सुरक्षा कर्मी ने पर्ची लाकर दी.उसके बाद ओपीडी तक जाने के लिए कोई व्हील चेयर नहीं थी पैदल ही ओपीडी तक जाना पड़ा.मेरे जैसे अनेक दिव्यांग है वह अस्पताल इसलिए नहीं आते कि यहां उनकी कोई नहीं सुनता.यही वजह है कि वह निजी अस्पताल में जाने को मजबूर है.इसके अलावा अस्पताल के वार्डो के बाहर बैठने के लिए कोई व्यवस्था नहीं है मरीजो के परिजन जमीन में बैठने को मजबूर है।

डॉ. गर्ग दो दिवसीय दौरे पर आएंगे

भरतपुर, (निसं)। पूर्व मंत्री व जूनून विधायक डॉ. सुभाष गर्ग 4 व 5 मई को जूनून संसदीय क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे। जहां वे विभिन्न कार्यक्रमों में विद्वान होंगे।डॉ. गर्ग 4 मई रविवार को जयपुर से अंतिम संस्कार के लिए रवाना। जूनून में शहरी और ग्रामीण इलाकों का दौरा करेंगे और आम जन से मुलाकात करेंगे और साथ ही विभिन्न सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों में अध्ययन करेंगे। इसी दिन शाम को सैयद राजपूत समाज सुधार समिति की ओर से गोलपुरा रोड स्थित जामिनबाग़ में वैज्ञानिक प्रताप की मूर्ति के अनावरण कार्यक्रम में भाग लिया गया।डॉ. गर्ग रात्रि विश्राम का आयोजन जूना आवास पर किया जाएगा और अगले दिन 5 मई सोमवार को जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें शाम को जयपुर के लिए रैली निकाली जाएगी।

दक शनिधाम आली पहुंचे

कपासन, (निसं)। सहकारिता मंत्री गौतम दक ने आज कपासन दौरे पर पहुंचे। जहां मंत्री श्री शनि महाराज आली पहुंचे। मंत्री दोपहर में एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। उन्होंने श्री शनिदेव की पूजा-अर्चना की और तेल चढ़ाया। साथ ही क्षेत्र की खुशहाली की कामना की।
इस अवसर पर तीर्थ स्थल की प्रबंध कार्यकारिणी कमेटी और पुजारियों ने मंत्री का स्वागत किया। कमेटी ने उन्हें श्री शनिदेव की तस्वीर भेंट की। कार्यक्रम में कमेटी के मंत्री छगन गुर्जर, सचिव कालू सिंह और पुजारी देव गिरी उपस्थित रहे।

खाद्य सुरक्षा योजना के लंबित प्रकरणों पर चर्चा की

डीग/भरतपुर, (निसं)। जिला कलेक्टर उत्सव कौशल ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में राज्य सरकार निरन्तर वंचित वर्गों के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश हैं कि अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित किया जाए, जिससे वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें।

कौशल शनिवार को पंचायत समिति सभागार डीग में उपखंड अधिकारी, तहसीलदार और विकास अधिकारियों सहित अन्य अधिकारियों की वीसी के माध्यम से बैठक ले रहे

- **अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों को योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित किया जाए : जिला कलेक्टर**

जिला कलेक्टर उत्सव कौशल ने बैठक में खाद्य सुरक्षा योजना की समीक्षा की।

थे। उन्होंने बैठक में खाद्य सुरक्षा योजना, डीएमआईएस पोर्टल और फॉर्मर रजिस्ट्री शिविरों में किए गए कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अधिकारी खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत असक्षम/ पात्र लोगों के नाम खाद्य सुरक्षा सूची में जोड़े। जिला में खाद्य सुरक्षा से संबंधित 17000 अपील 2025 में की गई वहीं 13500 अपील 2022 में की गई थी। जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जल्द ही लंबित अपील का निस्तारण करवाए। नगर उपखंड अधिकारी ने बताया कि उनके उपखंड में कुछ गांवों की पोर्टल मैपिंग न होने के कारण नाम जोड़ने में समस्या आ रही है। इसके संबंध में श्री कौशल ने जिला रसद अधिकारी को निर्देशित किया कि वे उपनिदेशक सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए जिले के विभिन्न गांवों में आ रही मैपिंग की समस्याओं का शीघ्र निराकरण करवाए। खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जोड़ने के लिए प्रथम लेवल पर उपखंड अधिकारी द्वारा बीडीओ और ईओ को अपील के अवलोकन के लिए भेजा जाता है। अंतिम स्तर पर कमिटी द्वारा रिपोर्ट जारी करने के पश्चात वापस अपील बीडीओ और ईओ से होते हुए उपखंड अधिकारी के पास आती है जिनके अनुमोदन से नाम जोड़ने की प्रक्रिया पूरी होती है। ग्रामीण स्तर पर कमिटी में बीएलओ, सेक्रेटरी और पटवारी सम्मिलित होते है एवं शहरी क्षेत्र में बीएलओ, पटवारी और नगरी निकाय का एक कार्मिक शामिल किया जाता है।

बैठक में 2022 खाद्य सुरक्षा योजना के लंबित प्रकरणों पर भी चर्चा की गई और उनके शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए। इसके अलावा डीएमआईएस पोर्टल पर डाटा अपलोड करने के लिए विकास अधिकारीयों को निर्देशित किया गया। बैठक में बताया गया कि 1 से 31 मई तक पीएम किसान योजना में पंजीकरण किया जाएगा। इसमें 10 प्रकार की एक्टिविटी होगी। पीएम किसान के लाभार्थी जिनकी मृत्यु हो चुकी है उनका चिन्हीकरण करते हुए आईडी डीएक्टिवेट की जाएगी। यदि मृतक के उत्तराधिकारी मौजूद है तो योजना का लाभ उन्हें दिया जाएगा। फार्मर रजिस्ट्री कैंप के साथ पीएम किसान योजना की मैपिंग पटवारी स्तर पर की जाएगी। उल्लेखनीय है कि फार्मर रजिस्ट्री शिविर में रजिस्ट्रेशन के बाद ही प्रधानमंत्री किसान योजना का लाभ लाभार्थियों को मिल सकेगा। जिन लाभार्थियों के पास ई-केवाईसी या आधार सीडिंग नहीं है वे भारतीय पोस्ट बैंक में खाता खुलवाकर योजना का लाभ उठा सकते हैं। हीट वेव के मद्देनजर जिला कलेक्टर ने सभी उपखंड अधिकारियों, तहसीलदार और बीडियो को निर्देशित किया कि वे अपने क्षेत्र में पड़ने वाले अस्पताल का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लें।

सरकारी और गौचर भूमियों पर अवैध निर्माण जोरों पर

करौली, (निसं)। करौली जिला मुख्यालय स्थित नगर परिषद प्रशासन और जिला प्रशासन की अनदेखी के चलते अवैध से चल रहे हैं अवैध निर्माण वहीं अवैध निर्माण के चलते कॉलोनी के मुख्य मार्गों पर दलदल जमा होने से लोगों का दलदल से निकलना भारी हो रहा है।

जिला मुख्यालय पर जिला प्रशासन और नगर परिषद प्रशासन के आल्हा अधिकारी बैठने के उपरांत भी अवैध निर्माण का कारोबार जोरों से चला देखा जा रहा है यही नहीं शिवाचक और गोचर भूमियों पर भी भू माफिया धड़ल्ले से अतिक्रमण कर निर्माण कार्य कर रहे हैं इसके अलावा कुछ भूमाफिया तो गोचर और शिवाचक कब्जा कर भोले भाले लोगों को बेचकर ठगी का काम कर रहे हैं जो सारा वाकया प्रशासन और नगर परिषद प्रशासन की जानकारी में है लेकिन भूमाफियाओं के सामने कार्रवाई करने के नाम पर बौना साबित हो रहे हैं देखने लायक यह है लोगों ने आम रास्तों पर भी अतिक्रमण कर आम जन की राह दुर्गम कर रखी है यहां बड़ी पोस्ट ऑफिस के सामने से माली बस्ती विवेक विहार सहित अन्य कॉलोनीयों को जा रहे आम रास्ते पर दलदल जमा रहने से आमजन का निकलना दुबर हो रहा है कॉलोनी वासियों ने कई बार नगर परिषद प्रशासन से रास्ते में हो रहे दलदल निजात जलाने की मांग कर चुके हैं लेकिन नगर परिषद प्रशासन ने रास्ते में हो रहे दलदल को जाकर तक नहीं देखा है कॉलोनी वासियों का कहना है कि या तो जिला प्रशासन और नगर परिषद प्रशासन आम रास्ते में हो रहे दलदल से शीघ्र निजात चलाएं अन्यथा कॉलोनी वासी धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे।

करौली में कॉलोनी के आम रास्ते मे जमा दलदल।

जल मंदिर का शुभारम्भ

भरतपुर, (निसं)। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जाइंट्स ठ्रुप ऑफ़ भरतपुर द्वारा संचालित श्री बिहारीजी मंदिर द्वार पर जल मंदिर का शुभारम्भ जाइंट्स अध्यक्ष विष्णु कुमार गोयल द्वारा उपस्थित सदस्यों को शीतल जल पिलाकर प्रारम्भ किया गया. जल मंदिर प्रारम्भ करने से पूर्व श्री बिहारीजी को भोग लगाकर श्रदालुओं को प्रसाद वितरित ठ्रुप के सदस्यों द्वारा किया गया. इस अवसर पर ठ्रुप के वरिष्ठ सदस्य जाइंट्स पंकज बंसल ने कहा कि इस भीषण गर्मी में जल सेवा से बढ़कर कोई ओर सेवा हो ही नहीं सकती. जाइंट्स कपूर अठावाल ने भामाशाह जाइंट्स प्रमोद गर्ग का माल्यार्पण कर उन्हें साधुवाद कहा।

कार्यक्रम में विष्णु कुमार गोयल, राज कुमार तनेजा, प्रमोद गर्ग, पंकज बंसल, नीलकमल गेरा, राज कुमार तिलकधारी, जनक बाबू शर्मा, अशोक गोयल, कपूर , प्रदीप अठावाल, गिरीश सिंघल, प्रदीप अग्रवाल, विनय सिंघल आदि मौजूद रहे।

सार-समाचार

कथा सुनने के लिए पहुंच रहे लोग

करौली, (निसं)। मासलपुर के निकट लैदौर खुर्द में चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन शनिवार को कथा वाचक पंडित गोपेश्वर शास्त्री द्वारा राजा परीक्षित संवाद, शुकदेव जन्म प्रसंग सुनाया। कथा वाचक गोपेश्वर शास्त्री ने कथा की शुरुआत करते हुए कहा कि आप सब पर ठाकुर जी की कृपा है। जिसकी वजह से आप आज कथा का आनंद ले रहे है। श्रीमद भगवत कथा का रसपान कर पा रहें हैं कथा में यह भी बताया कि अगर आप भागवत कथा सुनकर कुछ पाना चाहते हैं, कुछ सीखना चाहते है तो कथा में प्यासे बन कर आए, कुछ सीखने के उद्देश्य से, कुछ पाने के उद्देश्य से आएं,।भागवत कथा बिना जाति और बिना मजहब देखे आपको वो मनवांछित फल देती है ।कथा व्यास जी ने बताया, कि भगवान की कथा विचार , वैराग्य, ज्ञान और हरि से मिलने का मार्ग बता देती है। भागवत कथा के छह प्रश्न, निष्काम भक्ति, भगवान के 24 अवतारों के बारे में बताया। कुन्ती के सुख के अवसर में भी विपत्ति की याचना के बारे सुनाते हुए कहा कि दुख में ही गोविन्द का दर्शन होता है। कथा वाचक ने कहा कि मां बाप की सेवा ही सबसे बड़ा पुण्य है।कथा सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। कथा के दौरान संजीव झांकी, व धार्मिक गीतों पर श्रद्धालु जम कर झूमें। कथा में दूसरे दिन बड़ी संख्या में महिला,पुरूष कथा सुनने पहुंचे।

स्मैक तस्कर गिरफ्तार

करौली, (निसं)। कुडगॉव थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। जिला स्पेशल टीम और कुडगांव थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में एक स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया है जिसकी पहचान गंगापुर सिटी के राजीव गांधी कॉलोनी निवासी इमरान 42 के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी से 8.27 ग्राम स्मैक बरामद की है। इसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब 3 लाख रुपए आंकी गई है। आरोपी के पास से स्मैक बिक्री के 20 हजार 500 रुपए भी जब्त किए गए हैं। कुडगांव थाना अधिकारी चंचल शर्मा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय के निर्देशन में ऑपरेशन स्मैक आउट अभियान चलाया जा रहा है। जिला स्पेशल टीम प्रभारी देवेश जाटव के नेतृत्व में यह कार्यवाही की गई। आरोपी को गोकुलपुर की ओर से आते समय पुलिस गश्त के दौरान पकड़ा गया। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर रही है। टीम स्मैक की खरीद-फरोख्त और इस अवैध कारोबार में शामिल अन्य लोगों का पता लगाने में जुटी है।

आरोपी को 10 वर्ष का कारावास

हिण्डौन सिटी, (निसं)। अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संख्या दो सुमरथ लाल मीणा ने सुनाया फैसला।मजरूब कपूर चंद के पर्चा बयान पर दर्ज हुई एफआईआर नंबर 179 / 2014 थाना कोतवाली हिंडौन सिटी में दर्ज हुई पुलिस ने मुलजिम सुगन, भूरा, पिंटू, शिवजी, के खिलाफ न्यायालय में चालान पेश किया। मुलजिम कन्हैया, खन्ना उर्फ राजवीर के विरुद्ध हाई कोर्ट ने प्रसंज्ञान लिए जाने के आदेश पारित किये। दौरानी ट्रायल भूरा की मृत्यु हो गई।राज सरकार की ओर से अपर लोक अभियोजक विक्रम पाल सिंह और मुस्तगीस की ओर से नगेंद्र मोहन शर्मा ने पैरवी की। अभियोजन पक्ष की ओर से 15 गवाह कराए गए। अभियोजन के समर्थन में 28 दस्तावेज़ात प्रदर्शित कराये व न्यायालय द्वारा एक दस्तावेज प्रदर्शित कराया गया। मुलजिम सुगन पुत्र बच्चू सिंह, पिंटू पुत्र हरिमोहन, शिवली पुत्र अमर सिंह, कन्हैया पुत्र बाबूलाल, खन्ना उर्फ राजवीर पुत्र बाबूलाल,सभी जाति गुर्जर निवासी केशवपुरा, मलीपाड़ा, थाना हिंडौन सिटी के विरोध धारा 147, 148, 149, 323, 341, 324, 325, 326, 307 आईपीसी में हत्या के प्रयास के आरोपीगण को 10 वर्ष की कठोर करावास की सजा सुनाई और प्रत्येक मुलजिम को 41500 के आर्थिक दंड की सजा सुनाई।

टमाटर का सूप तैयार करना सिखाया

भरतपुर, (निसं)। कृषि महाविद्यालय भुसावर पर विद्यार्थियों के कौशल विकास के तहत टमाटर का सूप तैयार करना सिखाया गया। महाविद्यालय के डीन डॉ. उदय भान सिंह ने बताया कि फल एवं सब्जियों की प्रकृति जल्दी खराब होने की है, अतः बाजार में फल एवं सब्जियों की आवक ज्यादा होने पर उनके भाव गिर जाते हैं तथा किसानों को घाटा होता है। फल-सब्जी खराब होने से भारत में प्रतिवर्ष 60 हजार करोड से अधिक आर्थिक नुकसान होता है। यदि किसान फल-सब्जियो के रखरखाब एवं प्रोसेसिंग के प्रति जागरूक रहें तो इस नुकसान को कम किया जा सकता है तथा देश के नागरिकों को अधिक मात्रा में फल-सब्जी उपलब्ध हो सकते हैं, जो कि अच्छे स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। प्रोसेसिंग करने से किसान बाजार के जोखिम से बच सकते हैं। किसान बाजार में भेजने से पहले फल व सब्जियों का श्रेणीकरण व पैकिंग करें। अपने खेत पर फल एवं सब्जियों के भण्डारण के लिए शून्य ऊर्जा कक्ष बनाना चाहिए। यह कक्ष कम लागत पर बन जाता है तथा इसमें भण्डारण करके फल व सब्जियों को 10-12 दिन रखा जा सकता है । शून्य ऊर्जा कक्ष में बिजली की जरूरत भी नही होती। किसान फल-सब्जियों को बोरी में भरकर ट्रेक्टर ट्रोली से बाजार भेजते हैं। इससे भी फल-सब्जी जल्दी खराब होते हैं।

लायबिलिटी ग्रहण समारोह आयोजित

भरतपुर, (निसं)। भारत विकास परिषद की मुख्य शाखा जूनागढ़ में नवीन पुस्तकालयों का लायबिलिटी ग्रहण समारोह स्थानीय प्रेम गार्डन स्टैंड्स होम में आयोजित किया गया,,

जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महेंद्र सिंह मग्गो, प्रांत संघ चालक, जयपुर (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) एवं कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में उत्कर्ष जी, विभाग प्रचारक, भरतपुर विभाग (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ)उपस्थित रहे।

प्रथम मुख्य अतिथि क्रम महेंद्र सिंह मग्गो, कार्य अध्यक्ष उत्कर्ष, सत्र 2024-25 के शाखा अध्यक्ष विनी गर्ग, सचिव मुकेश गुप्ता, कोष प्रमुख सी ए राकेश गुप्ता, महिला प्रमुख श्रीमती अंजना बैसाख और वरिष्ठ मंडल के भारत माता और स्वामी श्री विवेकानंद के सहजन दीप वोग का निधन हुआ,,,

मीरा गर्ग और श्रीमती अंजना बैसाख द्वारा वंदे मातरम गायन प्रस्तुत किया गया।शाखा अध्यक्ष एवं सचिव द्वारा मुख्य अतिथि एवं कार्यक्रम अध्यक्ष का बज,दुपट्टा एवं स्मृति चिह्न द्वारा स्वागत किया गया।

शाखा के वरिष्ठ सदस्य क्षेत्रीय संगीतकार (पर्यावरण) संगीत उद्योग परिषद का परिचय, विचारधारा और अनुयायियों के बारे में एसोसिएट्स को बताया गया। सत्र 2024-25 के अध्यक्ष सी ए विनय गर्ग द्वारा उद्बोधन का स्वागत एवं वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया

विद्युतकर्मी की मौत

उदयपुर, (कासं)। विद्युत कार्य करते समय झुलसे संविदा विद्युतकर्मी की उपचार के दौरान मौत हो गई।सुखेर थाना क्षैत्र कैलाशपुरी विद्युत ट्रांसफार्मर पर काम करते समय करंट लगने से झुलसे संविदा पर कार्यरत विद्युतकर्मी कैलाशपुरी निवासी रमेश पुत्र गेहरीलाल गमेती की एमवी चिकित्सालय में उपचार के दौरान मौत हो गई।

विलुप्त होने के कगार पर है बहरूपिया कला

भुसावर/भरतपुर, (निसं)। हमारे देश की अनेक संस्कृति, लोक पारंपरिक विरासत में से एक है बहरूपिया कला। बहरूपिया कला एक कलाकार द्वारा विभिन्न पात्रों का किरदार निभाते हुए सीमित संसाधनों के अनुरूप भेश भाषा व बोली हाव भाव का मनोरंजक प्रस्तुतीकरण बहरूपिया कला को प्रमाणित करता है।

- **बहरूपिया कलाकारों का अभिनय किरदार इतना स्वाभाविक होता है की असल नकल में भेद भाव करना मुश्किल हो जाता है**
- **कला चाहने वालों की संख्या हुई नगण्य**

बहरूपिया कलाकारों का अभिनय किरदार इतना स्वाभाविक होता है की असल नकल में भेद भाव करना मुश्किल हो जाता है लेकिन यह बहरुपिया कला अब महंगे होते हुए संसाधनों के चलते अब विलुप्त होने के कगार पर है। कस्बा भुसावर निवासी बुजुर्ग कुंजीलाल शर्मा , टिल्लाराम अरोड़ा, महेश चन्द जति ने जानकारी देते हुए बताया कि पहले यह लोग (बहरूपिया) राजा महाराजाओं के यहां पर अपनी कला का प्रदर्शन करते थे तब इनकी कला के प्रदर्शन से खुश होकर सम्मान व धन दोनों ही मिलता था। आज के बदलते परिवेश और डिजिटल युग में टीवी, सोशल मीडिया के चलते अब यह बहरूपिया कला विलुप्त होने के कगार पर है जहां कभी कभी एक दो कलाकार आकर के अपनी कला का प्रदर्शन करते हैं। आज बहरूपिया कलाकारों को उचित संरक्षण की जरूरत है जिससे यह कला आगे भी जीवित रह सके। बहरूपिया कला हिंदू राजाओं के अलावा मुगलों ने भी उचित आश्रय प्रदान किया था। जैन और बौद्ध साहित्य में भी इन बहरूपिया कलाकारों का उल्लेख मिलता है।

वहीं बहरूपिया बने कलाकार महवा जिला दौसा निवासी ने बताया कि हर पात्र के लिए वेशभूषा, बनावट, श्रृंगार सामठी का खर्चा आय की अपेक्षा अधिक होता है। राम, कृष्ण, शंकर,हनुमान, मुन्ना भाई एमबीबीएस डॉक्टर, डाकू गुज्जर सिंह, जिन्न, भूत आदि पत्रों का नित नए रूप धारण करने के लिए आर्थिक दृष्टि से इतने समर्थ नहीं होते की रोज रोज नए नए पात्र बनकर ग्रामीण दर्शकों का मनोरंजन कर सके।वही बहरूपिया ने बताया कि शंकर पार्वती, देवर भाभी, गुरू चेला, अर्धनारीश्वर आदि कुछ युगल पात्र भी है जिनके लिए दो कलाकारो की आवश्यकता होती है। आज जब एक कलाकार के जीवकोपर्जन का जटिल प्रश्न है। वहां दो कलाकार के युगल प्रस्तुतीकरण के बारे में तो सोच भी नहीं सकते।

भरतपुर में आदि शंकराचार्य और सूरदास जयन्ती मनाई

भरतपुर, (निसं)। श्री रामलीला समिति भरतपुर के तत्वावधान में दाल बाजार स्थित मंदिर श्री संतोशी लक्ष्मण जी भरतपुर में हिन्दी साहित्य के सूरज माने जाने वाले ब्रजभाशा के श्रेष्ठ कवि सूरदास एवं सनातन धर्म के ध्वजवाहक आदि शंकराचार्य का जन्म दिवस विदुशी प्रियंका पुरोहित की अध्यक्षता में मनाया गया जिसमें योगेशवर भगवान श्री कृष्ण के परम उपासक महान संत सूरदास एवं आदि शंकराचार्य के जीवन पर अनेक विद्वानों, साहित्यकार एवं कवियों ने अपने अपने ढंग से विचारों का उदबोधन दिया। आरम्भ सरस्वती वंदना के साथ हुआ। रेणुदीप गौड द्वारा शानदार संचालन किया गया।

समिति अध्यक्ष ब्रजेष कौषिक ने अपने उदबोधन में सूरदास एवं आदि षंकराचार्य दोनों को सनातन धर्म का पुनःस्थापक एवं अद्वेत के सिद्धान्त को मानने व पुश्टि करने वाला बतलाया। प्रो.डॉ. अषोक गुप्ता एवं हरिओम दिवाकर ने आदि षंकराचार्य को एक महान दार्षनिक एवं धर्म प्रवर्तक और सूरदास भगवान श्री कृशण का परम उपासक बतलाया, उनकी रचनाओं में भक्ति एवं श्रृंगार रस का सुन्दर समागम होने का व्याख्यान दिया गया। कवि सुरेषचंद सुमनेष ने ''महाकवि सूरदास को षत षत करें प्रणाम' , हरी ओम हरी ने 'सूरा जग उजियारों कीन्हों', बिना तेल वाती'', गोविन्द सिंह डागुर ने 'प्रभू जी मोहे क्यों न बनाओ सूर' दो आंखिन सौ दीखत नाहीं तेरी छवि अति दूर', मनोज पाराषर, जमुना प्रसाद षर्मा एवं गोरधन निवासी ब्रजेष गोस्वामी द्वारा सूरदास के भजन गाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। महेष चंद सिंघल, एस.एन. अग्रवाल, सुघड सिंह द्वारा दोनों की जीवनी एवं सिद्धान्तों पर विस्तृत प्रकाष डाला गया। राकेश राजस्थानी ने 'दुनियां देख न पाई जिसको कहां गये त्रिपुरारी', राधा मीरा प्रेम दीवानी ढूँढ-ढूँढ के हारी एवं जिहादी तैयार खडे जिनकी पहरेदारी में, आस्तीन के सांप छिपे हैं केसर वाली क्यारी में' तथा अपने अध्यक्षीय उदबोधन में कवियत्री प्रियंका पुरोहित ने 'कोटि कोटि नमन है सूर तुम्हें तेने भगवान दर्षन करायो' एवं पहलगांव के षहीदों को नमन करते हुए 'न जाने किस धर्म की बात करते हैं ये कायर हैं निहत्थों पर वार करते हैं कविता पाठ कर षहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

आदि शंकराचार्य व सूरदास जयन्ती मनाई।

कार्यभार संभाला

भरतपुर, (निसं)। जिले में कामा पंचायत समिति के प्रधान डॉक्टर प्लास्टर खान और पंचायत पहाड़ी समिति के प्रधान साजिद खान को उच्च न्यायालय के आदेश पर 1 साल बाद अधिकारियों ने कार्यभार संभाला जिला कांग्रेस समिति के अध्यक्ष दिनेश सुपा सहित सभी ब्लॉकों के अध्यक्ष और पुरानी कांठोस के अध्यक्ष शामिल हुए।

कांठोस जिला संगठन के दिग्गजों ने जानकारी देते हुए बताया कि लगभग 11 महीने पहले राजस्थान की भाजपा सरकार द्वारा दोनों प्रधानों को अनुचित और गैर कानूनी तरीकों से निलंबित कर दिया गया था। इकबालिया दिनेश सुबा ने कहा कि उक्त मामले में 6 मई 2024 को दोनों के निलंबन पर अदालत द्वारा रोक लगा दी गई थी, फिर भी भाजपा सरकार के समर्थन में स्थानीय अवैध अधिकारियों पर दोनों प्रधानों पर आरोप नहीं लगाया गया था। यह भाजपा सरकार की हठधर्मिता और जिसने तानाशाही को खारिज कर दिया है, अदालत के फैसले का भी उल्लंघन किया गया था। सुबा ने इसे आम कांठोसी विचारधारा एवं जन भावनाओं की जीत बताया है।प्रशंसा करने वालों में चुन्नी कैप्टन, श्रीराम जाटव, जगदीश बंजी, राजू प्रधान आदि मौजूद रहे।

कार्यालय जिला स्वास्थ्य समिति, करौली

क्रमांक: लेखा/ई-बोली/2025-26/20 दिनांक: 01.05.2025

ई-बोली सूचना संख्या 02/2025-26

इस कार्यालय हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये निम्नांकित समाग्री आपूर्ति/व्यवस्था आदि कार्य के लिए इच्छुक फर्मों से E-Procurement प्रक्रिया द्वारा ऑनलाईन बोलियॉ निर्धारित प्रपत्र में आमंत्रित की जाती है।

क्र.सं.	समाग्री/व्यवस्था का नाम	अनुमानित राशि (लाखों में)	बोली अमानत राशि 5 प्रतिशत (रूपये में)	बोली प्रपत्र शुल्क राशि (रूपयें में)	RISL का प्रक्रिया शुल्क
1	भोजन एवं आवास व्यवस्था	40.00	2 प्रतिशत आवेदन करने पर एवं शेष 3 प्रतिशत सफल होने पर जमा करानी होगी	500/-	500/-
2	चिकित्सा संस्थानों पर साफ-सफाई कार्य	75.00		500/-	1500/-
3	किराये के वाहन	23.00			
4	मैन पावर	98.00		500/-	500/-
5	जैनरिक दवाईयां	300.00		500/-	1500/-
6	लैब रियजैंट्स/उपकरण	300.00		500/-	2000/-
7	प्रिंटिंग कार्य	40.00		500/-	1000/-
8	पेन्टिंग कार्य	40.00		500/-	1000/-

बोली प्रपत्र डाउनलोड की तिथी व समय	02.05.25 समय 10:00 AM से 21.05.25 समय 6:00 PM तक
बोली प्रपत्र अपलोड की तिथी व समय	02.05.25 समय 10:00 AM से 21.05.25 समय 6.00 PM तक
रजिस्ट्रेशन शुक की रसीद जमा कराने की अंतिम तिथी।	22.05.25 दोपहर 12.00 बजे तक
तकनीकी बिड खोलने की तिथी व समय	23.05.25 समय 12.00 पीएम पर

विस्तृत बोली प्रपत्र एवं शर्तें अंतिम तिथी एवं समय से पूर्व http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है। बोली प्रपत्र पूर्ण हस्ताक्षरशुदा http://eproc.rajasthan.gov.in पर प्रस्तुत करना होगा।

(डा. दिनेश चंद मीणा)
सदस्य सचिव
जिला स्वास्थ्य समिति करौली